प्रैस विज्ञप्ति

कहानी साहित्य की ऐसी विद्या है जिसके माध्यम से मनोरंजन के साथ–साथ मानव जीवन की विभिन्न समस्याओं और संवेदनाओं को व्यक्त किया जाता है । इसी उद्देश्य से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 30–01–2019 को हिन्दी साहित्य परिषद् के तत्वावधान में अन्त; महाविद्यालय स्वरचित कहानी–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में विगत अनेक वर्षों से यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है । हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द, कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक निराला एवं हिन्दी विभाग के प्रवक्ता डॉ. रेणु माहेश्वरी व डॉ. बाँके बिहारी के सहयोग से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 6 टीमों में भाग लिया जो विभिन्न महाविद्यालयों से आई थीं । इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय फरिदाबाद से मैडम रमन व सरस्वती महाविद्यालय, पलवल से डॉ. कमलेश कुमारी टीम इंचार्ज के रुप में उपस्थित थे । विद्यार्थियों ने वर्तमान सामाजिक समस्याओं व संवेदनाओं पर कहानी के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल में श्रीमती किरण आनन्द व डॉ. बाँके बिहारी की विशेष भूमिका रही। इस वर्ष इस कहानी–लेखन प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे –

प्रथम – मधु सिंगला – एन.एस. हिन्दी (उत्तरार्द्ध) अनुक्रमांक 22

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़

द्वितीय – पूजा रानी – बी.ए. तृतीय वर्ष अनुक्रमांक–2559

सरस्वति महाविद्यालय, पलवल

तृतीय – अशुतोष सिंह – बी.एस.सी. III कम्प्यूटर विज्ञान अनुक्रमांक 30550

डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय, पलवल

प्रोत्साहन – प्रगति पाण्डेय – बी.ए. प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 36

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़

प्रथम विजेता को चल वैजयंती प्रदान की गई । डॉ. रेणु माहेश्वरी के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ ।